अपनी बात
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका
अंक : 522 वर्ष 41
राँची, 31 अक्टूबर, 2017

# मुख्यमंत्री ने कोल इंडिया स्टॉल का उद्घाटन किया



माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुबर दास कोल इंडिया स्टॉल का उदघाटन करते हुए

झारखंड को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खनन क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से रांची में तीन दिवसीय झारखंड माईनिंग शो 2017–ग्लोबल माईनिंग एंड मिनिरल समिट का आयोजन 30 अक्टूबर से 01 नवम्बर तक किया गया। देश के खनन, खनिज और प्रसंस्करण उद्योग के प्रतिभागियों ने इस शो में भाग लिया। अवसर विशेष पर झारखंड के मुख्यमंत्री श्री रघुबर दास ने कोल इंडिया के स्टॉल का भी उदघाटन किया। स्टॉल में कोल इंडिया और इसके सहायक कंपनियों की खनन कार्य, सीएसआर गतिविधियां आदि का प्रदर्शन पैनल और मॉडल के माध्यम से दर्शाया गया। निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री आर एस महापात्र एवं सीसीएल अधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथिगणों का स्टॉल पर स्वागत किया।

# ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर

झारखंड माईनिंग शो 2017 के दौरान माननीय रेल एवं कोयला मंत्री तथा समारोह के मुख्य अतिथि श्री पीयूष गोयल, मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास (झारखंड), कोयला सचिव, भारत सरकार, श्री सुशील कुमार, मुख्य सचिव, झारखंड सरकार श्रीमती राजबाला वर्मा, चेयरमैन कोल इंडिया, श्री गोपाल सिंह, सचिव उद्योग, खनिज एवं भू–विज्ञान विभाग, श्री सुनील कुमार वर्णवाल एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में कोल इंडिया एवं झारखंड सरकार के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए। यह एमओयू देश के इतिहास में पहली बार कोयला खदानों में संचित जल के सदुपयोग के लिए किया गया। खनन के उपरांत बंद खदानों में एकत्रित जल को उचित ट्रीटमेंट कर खदान के आसपास के गांवों एवं बस्तियों में रह रहे आमजन को पेयजल तथा सिंचाई के लिए उपलब्ध करायी जायेगी।

समारोह के मुख्य अतिथि माननीय श्री पीयूष गोयल ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की मुख्य प्राथमिकता अंत्योदय अर्थात समाज के सबसे कमजोर वर्ग का उत्थान है। उन्होंने कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने बार बार दोहराया है कि यह सरकार गरीब, वंचित, दलित एवं शोषितों की है, इसलिए यह समझौता ज्ञापन कोयला खदानों के आसपास रहने वाले आमजन के कल्याण के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इस समझौते के अंतर्गत जल ट्रीटमेंट (आरओ ट्रीटमेंट) के उपरांत लोगों को आपूर्ति की जाएगी।

कोयला सचिव श्री सुशील कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस समझौता ज्ञापन से झारखंड सरकार, कोल इंडिया एवं स्थाानीय लोगों द्वारा खदानों से पानी का उपयुक्त लाभ उठाया जा सकेगा। उन्होंने उल्लेख किया कि राज्य सरकार खनन कार्य के विस्तार एवं नई परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अपना पूरा सहयोग दिया है जिसके लिये मंत्रालय और कोल इंडिया आभारी हैं।




कोल इंडिया एवं झारखंड सरकार के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर के दौरान उपस्थित माननीय मंत्री, श्री पीयूष गोयल, मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास एवं अन्य गणमान्य

इस अवसर पर कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री गोपाल सिंह ने कहा कि झारखंड न केवल 2022 तक देश में सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य होगा, बल्कि देश में सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व भी करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि कोल इंडिया स्वच्छ प्रौद्योगिकी जैसे कि कोल बेड मीथेन, कोयला खदान मीथेन आदि में निवेश कर रहा है।

# "स्वच्छ भारत" से ही "स्वस्थ एवं विकसित भारत" बनेगा – अध्यक्ष, कोल इंडिया

मुख्यालय में विगत 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया गया। अवसर विशेष पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष कोल इंडिया, श्री गोपाल सिंह, निदेशक (कार्मिक) सीसीएल तथा अन्य ने पुष्प अर्पित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री को नमन किया तथा सभी ने प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के रिकार्डेड संदेश के माध्यम से स्वच्छता शपथ ली। समारोह के मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह ने स्वच्छता अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले सभी क्षेत्रों के कर्मियों के साथ–साथ व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया ।

अवसर विशेष पर मुख्य अतिथि श्री गोपाल सिंह ने स्वच्छता अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने और अपने कार्यक्षेत्र, आवास तथा आस–पास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने हेतु सीसीएल कर्मियों, डीएवी प्रबंधन एवं बच्चो की सराहना की। श्री सिंह ने जोर देते हुए कहा की "स्वच्छ भारत" से ही "स्वस्थ एवं विकसित भारत" बनेगा। श्री गोपाल सिंह ने इस अवसर पर सभी क्षेत्रो में "रोजगार सहायता केंद्र" खोलने की घोषणा भी की।



पुष्प अर्पित करते श्री गोपाल सिंह

स्वागत भाषण में निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र ने उपस्थित मुख्य अतिथि तथा अन्य सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हमे अपनी मेहनत और समर्पण से भारत को एक स्वच्छ और विकसित राष्ट्र बनाना है।

# प्रथम सीसीएल अंतर विद्यालय आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता




विजेता टीम के खिलाड़ियों के संग निदेशक(कार्मिक) सीसीएल एवं अन्य

विगत 15 अक्टूबर को पांच दिवसीय (11 से 15 अक्टूबर तक) "प्रथम सीसीएल अंतर विद्यालय आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में रांची की 16 टीमों ने भाग लिया। फाईनल मैच गांधीनगर क्रीडांगन, सीसीएल, रांची में आयोजित किया गया। फाईनल मैच में डब्ल्यू जॉन मल्टीपर्पस पब्लिक हाई स्कूल टी एस पब्लिक स्कूल को हराकर विजेता बनी। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र ने विजेता तथा उपविजेता टीम को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया।

प्रतियोगिता का सफल आयोजन महाप्रबंधक (कल्याण) श्री वी.एन. प्रसाद तथा खेल प्रबंधक श्री आदिल हुसैन तथा उनकी टीम के सक्रिय सहयोग से सम्पन्न हुआ।

# कमेन्टेटर मो. शमीम आलम

मो. शमीम आलम सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र में खनन अभियंता के पद पर कार्यरत हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर कई कमेंटटरी कर चुके हैं। 23 सितम्बर, 1958 को गिरिडीह जिला के खरगडीहा नामक गांव में अब्दुल लतीफ के घर में जन्म हुआ। शमीम का बचपन से ही खेल के प्रति रूझान था। मो. शमीम ने डीडी स्पोर्टस के लिए 34वें राष्ट्रीय खेल, फुटबॉल की कमेंटरी कर अपनी पहचान बनाई है। इसी तरह उन्होंने 35वें राष्ट्रीय खेल, दक्षिण एशिया गेम्स आदि में कमेंटरी कर राष्ट्रीय स्तर के कमेंटेटर बनने का गौरव प्राप्त किया। किन शब्दों का इस्तेमाल किस रूप में कर सकते हैं और किस रूप में नहीं कर सकते, मो. शमीम के कमेंट्री में स्पष्ट झलकता है। उनका योगदान सीसीएल द्वारा आयोजित कई खेलों जैसे फुटबॉल, क्रिकेट, हॉकी आदि में हमेशा कमेंटरी के रूप में रहा है।

**बुद्धि का विकास मानव के अस्तित्व का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए।**

– डॉ. भीमराव अम्बेडकर

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)